हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref. HNBGU/DSW/ 2024/1318 Date : 15/07/2024

परिपत्र (CIRCULAR)

उपशिशिक्षु परामर्शदाता/नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, श्रीनगर गढ़वाल के पत्रांक सं0 शि0प्र0/SIRC//2024/1923 दिनांक 10–07–2024 की प्रति समस्त संकायाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों को एतद्द्वारा संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि नेशनल अप्रैन्टिस प्रमोशन स्कीम (NAPS) के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने हेतु उक्त संस्थान की एक टीम द्वारा बिड़ला/चौरास परिसर में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के मध्य एक अवेयरनैस कैम्प दिनांक 22–07–2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे सीनेट हॉल बिड़ला परिसर में आयोजित किया जायेगा।

अतः अपने स्तर से अपने विभाग में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें कि उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

15/7/2024
प्रो॰ (एम॰एस॰ नेगी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपि निम्नलिखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
2. पुस्तकालयाध्यक्ष।
3. कोर्डिनेटर/वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी–एन0एस0एस0।
4. प्रभारी, सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
5. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
6. निजी सचिव, प्रति कुलपति।
7. निजी सचिव, कुलसचिव।
8. छात्र संघ अध्यक्ष/महासचिव।
9. विश्वविद्यालय सूचना पट–छात्र/छात्राओं के सूचनार्थ।

15/7/24
प्रो॰ (एम॰एस॰ नेगी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रेषक,

उपशिशिक्षु परामर्शदाता/नोडल प्रधानाचार्य,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
श्रीनगर गढ़वाल।

सेवा में,

रजिस्ट्रार,
हे0न0ब0 केन्द्रीय गढ़वाल विश्वविद्यालय,
श्रीनगर गढ़वाल।

पत्रॉंक :– शि0प्र0/SIRC/2024/1923 दिनाँक 10/07/2024

विषय – **शिशिक्षु अधिनियम–1961 के अन्तर्गत शिशिक्षु प्रशिक्षण एवं नेशनल अप्रैन्टिस प्रमोशन स्कीम (NAPS) के प्रभावी कियान्वयन के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक निदेशक (प्रशिक्षण) के पत्रॉंक– 3852/डी0टी0ई0यू0/शि0प्र0/SIRC/2024 दिनाँक 10 मई 2024 (प्रतिलिपि संलग्न) के द्वारा अवगत कराया गया है कि SIRC (State Implementation Review Committee) ने KPI (Key Performance Indicators) हेतु जनपद पौड़ी गढ़वाल में हितधारकों की जागरूकता हेतु उद्योगों/अभ्यर्थियों/टी0पी0ए0/महाविद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित के लिए निर्देशित किया है। उक्त निर्देशों के क्रम में NAPS के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने हेतु इस संस्थान की एक टीम बिड़ला कैम्पस के हॉल में उपस्थित होकर आपके अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के मध्य एक अवेयरनैस कैम्प दिनाँक 22/07/2024 को आयोजित करने की इच्छुक है।

अतः आपसे अनुरोध है कि हितधारकों के हित को दृष्टिगत रखते हुए NAPS के प्रभावी कियान्वयन हेतु एक शिविर का आयोजन दिनाँक 22/07/2024 को अपने बिड़ला कैम्पस में करवाने की अनुमति प्रदान करने एवं बिड़ला कैम्पस के छात्र–छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग हेतु निर्देशित करने का कष्ट कीजिएगा। साथ ही यह भी अनुरोध है कि उक्त जागरूकता शिविर के आयोजन हेतु बिड़ला कैम्पस में स्थित हॉल भी जनहित में निःशुल्क दो घण्टे के लिए उपलब्ध करवाने का कष्ट कीजिएगा, जिससे कि NAPS के सम्बन्ध में जागरूकता द्वारा अधिक से अधिक शिक्षित युवाओं को राष्ट्र निर्माण के कार्य में योगदान देने में समर्थ बनाया जा सके।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

DSW
Pl. see and do the needful.
12/7/24

भवदीय

(संजीव कुमार)
उपशिशिक्षु परामर्शदाता/नोडल प्रधानाचार्य

उप शिशिक्षु परामर्शदाता/नोडल प्रधानाचार्य
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
श्रीनगर गढ़वाल